

# पेयजल व्यवस्था को लेकर एक्शन में नीमच नगरपालिका

- अध्यक्ष व सभापति ने सीएमओ के साथ किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश
- शहर में पेयजल टंकियां की सफाई का कार्य जारी



**नीमच।** इंदौर में हुई घटना के बाद एहतियात बतौर नगर पालिका परिषद नीमच भी पूरे एक्शन में दिखाई दे रही है। शहर में जहां पेयजल टंकियों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, वही शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा व जलकल सभापति श्रीमती छाया वीरेंद्र जायसवाल ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के साथ हिंगोरिया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर मौके पर ही वहां से वितरित होने वाले पेयजल की टेस्टिंग करवा कर लैब रिपोर्ट देखी तथा जलकल के अमले तथा रियान कंपनी के सुपरवाइजर को निर्देश दिए की पेयजल व्यवस्था में किसी भी प्रकार की खामी नहीं रहे, अगर कोई भी कमी है तो उन्हें तुरंत दूर कर आम जनता को शुद्ध पानी वितरण करे। इस दौरान नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक श्री टेकचंद्र बुनकर, जलकल विभाग के केमिस्ट श्री सुरेश पवार तथा रियान कंपनी के सुपरवाइजर भी उनके साथ थे।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने जलकल विभाग तथा पेयजल वितरण करने वाली कंपनी के अधिकारियों से कहा कि पेयजल का मामला सीधे जनता के स्वास्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है और हमारा दायित्व है कि हम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये, इसलिए इस मामले मे पूरी सावधानी बरतते हुए गंभीरता के साथ कार्य करें, इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष एवं जलकर सभापति के साथ हिंगोरिया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर वहां पर्याप्त साफ-सफाई रखने तथा पानी का लैबोरेट्री टेस्ट करने के बाद ही वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नीमच शहर में पेयजल वितरण करने वाली टंकियों की सफाई का कार्य भी निरंतर जारी है। साथ ही सभी वाल्वमेनों को भी निर्देश दिए गए हैं कि अगर किसी के भी क्षेत्र में पाइप लाइन लिकेज पाई जाती है तो तत्काल उसे दुरुस्त करावे तथा उसके बाद ही पेयजल वितरण करें।

## जेएसजी उड़ान ग्रुप द्वारा शीत लहर एवं कोहरे के प्रकोप से बचाव हेतु निरंतर सेवा गतिविधियां जारी

**नीमच।** पीड़ित मानवता की सेवा गतिविधियां करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा जैन सोशल ग्रुप उड़ान नीमच, इसी कड़ी में ग्रुप द्वारा शा. मिडिल एवं प्राइमरी स्कूलों के विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटरों , एवं मोजों का एवं उनकी माताओं को कंबल वितरण किया जा चुका है। अगली कड़ी में लाभार्थी परिवारों एवं ग्रुप सदस्यों द्वारा ऊनी वस्त्रों (कंबल एवं दरी) के वितरण का आयोजन किया गया।

ग्रुप अध्यक्ष द्वारा नई सोच नवसृजन करने का निर्णय बहुत ही सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत ग्रुप सदस्यों एवं लाभार्थी परिवार, तथा गतिविधि स्थल के आसपास के घरों में काम करने वाली कर्मचारी महिलाओं को शीत लहर एवं कोहरे के प्रकोप से बचाव हेतु कंबल प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया गया।

शहर के प्रतिष्ठित, सामाजिक, धार्मिक, एवं सेवा गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने वाले सहलोत परिवार के वरिष्ठ, सम्माननीय श्री सागर मल जी सहलोत द्वारा ग्रुप की सेवा गतिविधियों से प्रभावित होकर शीत लहर के प्रभाव से बचाव हेतु लगभग 71 कामकाजी जरूरत मंद सुपात्र महिला कर्मचारियों को जो कि मेहनत,मजदूरी करके अपने बच्चों को पढ़ाने एवं परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग करती है उन सभी महिलाओं को इस कड़कड़ाती ठंड से राहत प्रदान करने के लिए गर्म कंबलों का वितरण सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। कंबल पा कर महिलाओं के चहरे खिल उठे। उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई। साथ ही लाभार्थी परिवार एवं ग्रुप सदस्यों को आत्मिक शांति का अनुभव हुआ।

इसी कड़ी में राजीव नगर स्थित आंगनवाड़ी के छोटे-छोटे मासुम बच्चों को निचे बैठने के लिए दरी तक नहीं थी, उन्हें प्लास्टिक के पाल पर बैठना पड़ता था, उसमें बच्चों को बहुत ठंड लगती थी।

## एक नजर में

### ज्वैलर्स के पास गहने बनवाने जमा 15 लाख लौटाए जाए



**नीमच।** नीमच के सत्यम ज्वैलर्स के संचालक बहादुर सोनी के निधन के बाद अब उनके पास जमा पूंजी और जेवरात वापस पाने के लिए निवेशकों ने पुलिस का दरवाजा खटखटाना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में शनिवार को जीरन तहसील के ग्राम कराड़िया महाराज निवासी बापू नाथ का परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और अपनी जमा अमानत वापस दिलाने की गुहार लगाई। पीड़ित बापू नाथ, जो कंबल और कुर्सी बेचने का छोटा व्यवसाय करते हैं, ने बताया कि उनकी दो बेटियों (पायल और पूजा) की शादी 26 फरवरी को होनी है। इसके लिए उन्होंने अपनी जीवन भर की कमाई-लगभग 15 लाख रुपए नकद, 7 किलो 568 ग्राम चांदी और सोने के गहने बनवाने के लिए बहादुर सोनी के पास जमा किए थे। बहादुर सोनी ने इसकी बाकायदा रसीदें भी दी थीं, जिसकी जानकारी उनकी पत्नी प्रमिला सोनी और स्टाफ को भी थी। शिकायत के अनुसार, बहादुर सोनी की मृत्यु के बाद जब पीड़ित परिवार अपनी अमानत वापस मांगने गया, तो उन्हें पहले टाला गया। 2 जनवरी को जब वे दोबारा प्रमिला सोनी के घर पहुंचे, तो वहां मौजूद दो व्यक्तियों ने परिवार के साथ अभद्रता की और उन्हें धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया। उन्हें चुनौती दी गई कि 'जिसे जो रिपोर्ट करनी है कर दो, अब शासन-प्रशासन ही फैसला करेगा।' अपनी जमा पूंजी डूबती देख गरीब परिवार सदमे में है, क्योंकि बेटियों की शादी के लिए अब उनके पास पैसे नहीं बचे हैं। बहादुर सोनी के निधन के बाद जिले भर में ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जिनमें करोड़ों की नकदी और ज्वेलरी का विवाद उलझा हुआ है। पीड़ित परिवार ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर प्रमिला सोनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और अपनी अमानत वापस दिलाने की मांग की है।

### विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज, व्यापक तैयारियां पूरी

**कुकड़ेश्वर।** सहस्त्र मुखेश्वर सनातन उत्सव समिति के तत्वाधान में नगर में 4 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन पटवा मांगलिक भवन पर किया जा रहा है जिसके लिए व्यापक तैयारीयां प्रारंभ हो गई है। हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता का प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन 4 जनवरी 26 को आयोजित किया जा रहा है इससे पूर्व पटवा मांगलिक भवन में ध्वजारोहण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत नगर के मध्य स्थित चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती पटेल समाज मंदिर से हुई जहां भगवान श्री राम जानकी की विधिवत पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात बालिकाओं द्वारा 21 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो पटवा मांगलिक भवन पहुंची जहां सहस्त्र मुकेश्वर समिति के तत्वाधान में 4 जनवरी को भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है

### दूषित पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन स्थापित

**नीमच।** जिले में नगरीय क्षेत्रों में दूषित पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिला स्तरीय हेल्पलाइन स्थापित की गई है। परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री पराग जैन ने बताया यदि किसी को दूषित पेयजल आपूर्ति अथवा गंदे पानी की आपूर्ति से संबंधी समस्या हो तो वह हेल्पलाइन नंबर 7697484769, 8109207374 पर सम्पर्क कर अपनी समस्याएं एवं शिकायत दर्ज करवा सकते है। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### कर्तव्य पथ तक नीमच की बेटी की उड़ान, पूजा का रिपब्लिक डे कैंप दिल्ली के लिए चयन



**नीमच।** देश की राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर जब गणतंत्र दिवस परेड के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया जाएगा, तब उसमें नीमच की बेटी पूजा भी शामिल होंगी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच की एनसीसी कैडेट पूजा का चयन रिपब्लिक डे कैंप दिल्ली के लिए हुआ है, जिसने जिले सहित पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। 5 एमपी बटालियन एनसीसी, नीमच की सीनियर अंडर ऑफिसर पूजा ने यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर हासिल की है। गणतंत्र दिवस परेड में गार्ड ऑफ ऑनर की जिम्मेदारी मिलना एनसीसी कैडेट्स के लिए सर्वोच्च सम्मानों में गिना जाता है, जिसमें देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के समक्ष सम्मान प्रस्तुत किया जाता है। इस प्रतिष्ठित चयन तक पहुंचने के लिए पूजा को कठिन शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासित ड्रिल, नेतृत्व क्षमता और मानसिक दृढ़ता के कई स्तरों से गुजरना पड़ा। हर चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूजा ने यह साबित किया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर डॉ. अशोक कुमार लक्षकार ने बताया कि पूजा शुरू से ही अनुशासनप्रिय, मेहनती और नेतृत्व क्षमता से भरपूर कैडेट रही हैं। उनका चयन न केवल एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह दिखाता है कि छोटे शहरों से भी राष्ट्रीय मंच तक पहुंचा जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा ने भी पूजा को बधाई देते हुए कहा कि कर्तव्य पथ पर देश का प्रतिनिधित्व करना पूरे महाविद्यालय और नीमच जिले के लिए गर्व का विषय है। पूजा की सफलता से महाविद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है।

## कीचड़ मुक्त अभियान से बदली तस्वीर

- मनासा का वार्ड-2 हुआ कीचड़ से पूरी तरह मुक्त, पेवर ब्लॉक से रहवासियों को बारिश में होने वाली समस्या से मिली निजात



**मनासा।** नगर परिषद के कीचड़ मुक्त अभियान ने ज़मीन पर असर दिखाना शुरू कर दिया है। वार्ड क्रमांक-2 में वर्षों से चली आ रही कीचड़, गंदगी और जलभराव की समस्या अब इतिहास बन गई है परिषद द्वारा लगाए गए पेवर ब्लॉक से पूरा वार्ड कीचड़-मुक्त होगा जिससे रहवासियों ने राहत की सांस ली है वहीं परिषद द्वारा जहां पर भी कीचड़ की समस्या है वहां पर पेवर लगाए जाएंगे

नगर कीचड़ मुक्त और स्वच्छ सुंदर बने इसको लेकर परिषद अध्यक्ष डॉ सीमा अजय तिवारी के नेतृत्व में परिषद इस दिशा में लगातार काम कर रही है पहली बार परिषद अध्यक्ष पार्षदों की समस्या को प्राथमिकता के साथ हल कर रही है यहां तक कि विपक्षी दल के पार्षदों की समस्या को भी अध्यक्ष प्राथमिकता में शामिल कर वार्डो में विकास कार्य कर रही है वार्ड 2 पार्षद अनसुईया दिनेश राठौर ने क्षेत्र की समस्या को लगातार परिषद के सामने रखा और धरातल पर काम करवाया। नतीजा—आज वार्ड की गलियां साफ, पक्की और सुरक्षित हो चुकी हैं यही नहीं श्रीमती राठौर के प्रयासों ने कई सालों से मुंगड़ कॉलोनी के रहवासी सीसी सड़क और नाली बनने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन किसी भी परिषद अध्यक्ष और पार्षद ने समस्या किनार ध्यान नहीं दिया था। जब इस समस्या से पार्षद ने अध्यक्ष को बताया तो अध्यक्ष ने उसे गंभीरता से लेते हुए जनता को सीसी सड़क और नाली के साथ ही पेवर ब्लाक की सौगात दी। बता दे कि बारिश के दिनों में जहां पहले घरों तक कीचड़ पहुंच जाता था, वहीं अब पेवर ब्लॉक से न सिर्फ आवागमन आसान हुआ है, बल्कि स्वच्छता और सौंदर्य में भी बड़ा सुधार हुआ है। स्थानीय लोगों ने इसे परिषद की अब तक की सबसे जरूरी और असरदार पहल बताया है।

## नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया

**मनासा।** जिले के मनासा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलोंन में शनिवार देर शाम अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। दो नकाबपोश बदमाश एक घर में घुसकर 50 हजार रुपये नकद लूट ले गए। घटना के दौरान एक 40 वर्षीय व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसका पैर तोड़ दिया गया। ग्रामीणों की तत्परता से घायल की जान बच सकी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार देर शाम ग्राम पिपलोंन निवासी 20 वर्षीय युवक अक्षय धनगर घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आए दो संदिग्ध नकाबपोश बदमाशों ने उसे डरा-धमकाकर घर की चाबी छीन ली और घर के भीतर रखे 50 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए।

पीड़ित जगदीश पिता भागीरथ धनगर (उम्र 40 वर्ष) ने बताया कि घटना के बाद अक्षय ने अपने चाचा श्यामलाल धनगर को फोन कर पूरी जानकारी दी। उस समय श्यामलाल धनगर खेत पर दवाई का छिड़काव कर रहे थे। सूचना मिलते ही वे बदमाशों का पीछा करते हुए हाड़ी पिपलिया तक पहुंचे, जहां बदमाश एक डेरा क्षेत्र में घुस गए।

डेरा क्षेत्र में मौजूद लोगों ने श्यामलाल धनगर पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पत्थरों से उनके पैर और कमर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान ग्रामीण और परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल की जान बचाई।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और मनासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल श्यामलाल धनगर को उपचार के लिए मनासा शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार कर भर्ती किया गया।

पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में घटना के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है।

## कृष्ण- सुदामा की मित्रता का संसार में कोई सानी नहीं होता है



**नीमच।** कृष्ण सुदामा के मित्रता का संसार में कोई सानी नहीं है। सुदामा ने जीवन पर्यंत दरिद्रता और गरीबी को अपना लिया था लेकिन कृष्ण से कभी नहीं कहा कि वह उनकी सहायता करें, सुदामा स्वाभिमानी थे, उन्होंने जीवन पर्यंत कष्ट सहन कर कृष्ण के दुखों को अपना दु:ख बना लिया था फिर कृष्ण ने भी समय आने पर अपना ऋण उतार दिया और सुदामा को दो लोक की खुशियों का राज दे दिया था। यह बात पंकज कृष्ण महाराज ने कही। वे स्पेंटा पेट्रोल पंप के पीछे मंशापूर्ण शनि देव महादेव मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा के अंतिम दिवस बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा की मित्रता में अमीरी गरीबी की दीवार नहीं थी। श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव के अंतिम दिन पूर्णाहुति हुई। श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा कथा के भवसागर में श्रद्धालुओं ने डुबकियां लगाई। व्यास पीठ पर विराजित गौ भक्त कथा मर्मज्ञ पंकज कृष्ण महाराज ने कहा कि कृष्ण सुदामा की मित्रता आधुनिक युग में आज भी आदर्श प्रेरणादायक कदम है। इस अवसर पर द्वारकाधीश की जय जय कार लगाई गई ।कथा आयोजक समिति की ओर से कथा मर्मज्ञ श्री शास्त्री, यज्ञाचार्य पंडित श्री व्यास मंच पर विराजित अत्याधुनिक वाद्य यंत्र के कलाकारों को शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। । श्री कृष्ण लीला की कथा के अंतिम दिन चल रही श्रीमद् भागवत कुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

**श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा गणपति नगर में 17 को**-पंकज कृष्ण महाराज की आगामी श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा जय जिनेंद्र रिसोर्ट के पास गणपति नगर में गणपति मंदिर पर 17 जनवरी से प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

> **कथा मर्मज्ञ पंडित पंकज कृष्ण महाराज**
> ने भक्ति रस का प्रवाह करते हुए कहा कि सुदामा ब्रह्मज्ञानी थे, सुदामा जानते थे कि गुरु माता द्वारा दिए गए चने श्रापित हैं फिर भी उन्होंने अपने मित्र श्री कृष्ण के ऊपर दरिद्रता ना आए स्वयं ने श्रापित चने खा लिए और स्वयं ने दरिद्रता अपने ऊपर लेली। कथा प्रवचन के अंतिम दिन हवन पूजन एवं आरती के साथ प्रसाद के रूप में किया गया इसी के साथ साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन की पूर्णाहुति के साथ कथा का विश्राम हुआ। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता हरीश नागर भानपुरा ,मालती नागर, चांदमल नागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।



## सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनाई :नीमच में समाजजनों ने सांवलिया सेठ मंदिर पर दी पुष्पांजलि

**नीमच। नीमच सिटी में देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम नीमच सिटी स्थित सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में फुलेरिया माली समाज नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन किया।**

इस अवसर पर उनके द्वारा समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया। फुलेरिया माली समाज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अनिल माली ने बताया कि कार्यक्रम में माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला गया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले ने ऐसे समय में महिला शिक्षा की अलख जगाई, जब बाल विवाह जैसी कुरीतियां समाज में व्याप्त थीं और महिलाओं का शिक्षित होना अत्यंत कठिन था। उन्होंने घर-घर और मोहल्ले-मोहल्ले जाकर बच्चियों को शिक्षित करने का संकल्प लिया और उसे पूरा किया। उन्हीं के मार्गदर्शन में देश के पहले बालिका स्कूल की स्थापना हुई।

महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व को आगे बढ़ाने में उनका योगदान अतुलनीय माना जाता है। इस कार्यक्रम में नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**एक नजर** — कलेक्टर ने सभी नगरी निकायों को पेयजल स्त्रोतों तथा पाइपलाइन के संचालन संधारण के संबंध में दिए निर्देश

## नगरीय निकायों द्वारा जल शुद्धीकरण एवं पाइप लाइन संधारण का कार्य प्रारंभ

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले की सभी नगरीय निकायों के जल जनित घटनाओं को रोकने के लिए नगरीय क्षेत्र में जल स्त्रोत, संग्रहण और शुद्ध जल वितरण के संबंध में निर्देश जारी किए हैं।**

जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी पराग जैन ने बताया, कि कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि वे जल स्त्रोतों की सफाई: सभी जल स्त्रोतों की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करें, ताकि जल शुद्धता बनी रहे। ड्डझक्क फिल्टर बेड का संधारण जल उपचार संयंत्र (ड्डझक्क) के फिल्टर बेड का नियमित संधारण करें और आवश्यकतानुसार एलम, क्लोरिन की मात्रा में शुद्धिकरण सुनिश्चित करें। उच्च स्तरीय टंकियों की सफाई:- कलेक्टर ने निर्देश जारी किए हैं कि: निकाय क्षेत्र की सभी उच्च स्तरीय टंकियों की नियमित रूप से समय-समय पर सफाई की जाए और प्रत्येक टंकी पर सफाई की तिथि अंकित की जाए। हैण्डपम्प, नलकूप की शुद्धता नगरीय निकायों को यह भी निर्देश दिए गए हैं, कि: सभी हैण्डपम्पो, नलकूपों में ब्लीचिंग पाउडर या लिक्विड सोडियम हाइपोक्लोराईड का उपयोग कर पानी को जीवाणु रहित बनाया जाए।

कलेक्टर ने सभी नगरी निकायों को पेयजल पाइप लाइनों निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पाइप लाईनों (विशेषकर खुली नालियों या सिवर के पास से गुजरने वाली) पाइपलाईनों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं ताकि लीकेज या प्रदूषण रोका जा सके।

**पानी की गुणवत्ता की शिकायत:-** कलेक्टर ने नगरी निकायों को पानी के रंग या बदबू की शिकायत पर तत्काल जल प्रदाय रोककर अन्य स्त्रोत से जल आपूर्ति करने और 24 घंटे में ऐसी शिकायतों का निवारण करने के निर्देश भी दिए हैं।

**शुद्ध पेयजल वितरण:** शुद्ध पेयजल वितरण के लिए प्रभावी तकनीक का उपयोग कर ,जल शुद्धिकरण प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश भी सभी नगरीय निकायों को दिए हैं।



**नलिका लीकेज सुधार:** पेयजल वितरण नलिकाओं के सभी लीकेज 24 घंटे के अंदर दुरुस्त करवाने के निर्देश भी नगरीय निकायों को जारी किए गए हैं ।

जिला प्रशासन जल जनित बीमारियों को रोकने और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

आम जनता से अनुरोध है, किया गया वे जल संरक्षण में सहयोग करें और जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिले की सभी नगरी निकायों के सीएमओ को उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कर, तीन दिवस में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है, कि शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई करवाने और नागरिकों को शुद्ध पेयजल का वितरण सुनिश्चित करने, जल टंकियों की नियमित साफ-सफाई करवाने, पेयजल पाइपलाईन का नियमित रूप से संधारण करवाने के संबंध में सुझाव प्राप्त हुए थे। उक्त सुझावों पर नगरीय निकायों द्वारा पेयजल पाइप लाईनों का संधारण एवं सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पेयजल टंकियों की साफ-सफाई एवं जल शुद्धिकरण का कार्य भी किया जा रहा है।

> **कोलीफॉर्म जांच**
> पेयजल में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की नियमित जांच करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगरीय निकायों को जल स्त्रोतों, ट्रीटमेंट प्लांट, टंकियों और वितरण नलिकाओं के अंतिम बिंदु से पानी के सेम्पल लेकर जांच करवाने और जांच का रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश भी सभी नगरी निकायों को कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।